# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 14.09.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1. अवैध चरस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार,थाना गलशहीदः-**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थो के निर्माण /तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व नशे का कारोबार में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 14.09.2024 को उ0नि0 कृष्ण कुमार थाना गलशहीद द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी जिकरान उर्फ घण्टा पुत्र मौ0 जान निवासी असालतपुरा थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद को 100 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना गलशहीद पर मु0अ0सं0-134/2024 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 2. अवैध चाकू के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना मुगलपुरा:-




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्रो के निर्माण / तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 14.09.2024 को उ0नि0 अरफान अली थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी जाकिर उर्फ कल्लू पुत्र गुलाम हुसैन निवासी फकीरपुरा थाना सिविल लाइन जनपद मुरादाबाद हाल पता निवासी मौहल्ला पीरगैब थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद को अवैध एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मुगलपुरा पर आरोपी उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 238/2024 धारा- 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**3. शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार थाना भोजपुरः-**



अवगत कराना है कि दिनांक 05.09.2024 को वादिनी निवासी थाना भोजपुर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करना तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी,तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0- 377/2024 धारा- 69/351(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 14.09.2024 को उ0नि0 मुरलीध चौहान थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त आसिफ उर्फ आसिम पुत्र पप्पू उर्फ ताहिर निवासी ग्राम रोशनपुर बहेडी थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया तथा साक्ष्यों/बयानो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**4. अवैध तरीके से भैंस का मीट काटकर, फर्जी बिल बनाकर बेचने के 03 आरोपी गिरफ्तार, थाना भोजपुरः-**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध/अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु लगातार चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 14.09.2024 को उ0नि0 सुनील राठी थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्तगण 1- सदाकत पुत्र शराफत, 2- रिफाकत पुत्र लियाकत, 3- परवेज पुत्र जमील अहमद निवासीगण मोहल्ला जामा मस्जिद कस्बा व थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण के कब्जे से 20 किलो मीट भैंसवंशीय व अवशेष, मीट काटने के उपकरण , लैपटॉप , प्रिंटर मोहर व इंकपैड तथा फर्जी बिल बरामद हुये। इस संबंध में थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0- 396/2024 धारा- 271/272/325/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस व धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**5- षडयंत्र रचकर झूठे मुकदमों में फसांने की धमकी देकर रंगदारी मांगने के 01 आरोपी गिरफ्तार,थाना कांठः-**



अवगत कराना है दिनांक 14.08.2024 को वादी श्री फारूख पुत्र मौ0 याकूब निवासी ग्राम मिश्रीपुर बेगमपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा षड़यंत्र रचकर वादी को गंभीर चोट,मृत्यु अथवा दण्डनीय अपराधों में झूठा फंसाने की धमकी देने व रूपये वसूलने आदि के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0-301/2024 धारा-120बी/388/386/506 भादवि पंजीकृत किया गया । उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही/साक्ष्य संकलन के आधार पर आज दिनांक 14-09-2024 को निरीक्षक अपराध श्री जयदेव सिंह यादव थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्ता भोली उर्फ बेबी पत्नी विनोद कुमार निवासी मौ0 कन्चन बाजार कस्बा व थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया गया। । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।

**6- थाना कटघर पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के 04 आरोपी को किया गिरफ्तारः-**



अवगत कराना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध / अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व कानून/शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 14.09.2024 को उ0नि0 प्रबोध कुमार व उ0नि0 सोमपाल द्वारा मय हमराही पुलिस बल के शान्ति भंग कर रहे आरोपी 1.मोहित पुत्र राकेश निवासी देहरीघाट गुलाबबाडी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद। 2.भगत पुत्र गौरी निवासी रोसनारा रोड आर्यपुरा थाना सब्जी मंडी इन्द्रापार्क दिल्ली। 3. अमित पुत्र अर्जुन निवासी पीतलनगरी कमला बिहार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद। 4. रुस्तम पुत्र असलम निवासी ग्राम भैंसिया थाना कटघर जनपद मुरादाबाद। को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।